ई-स्पोर्ट्स को आधिकारिक मान्यता

प्रिलिम्स के लिये:

ई-स्पोर्ट्स

मेन्स के लिये:

ई-स्पोर्ट्स के अवसर और चुनौतियाँ

चर्चा में क्यों?

हाल ही में भारत के राष्ट्रपति ने ई-स्पोर्ट्स को नियंत्रित करने वाले नियमों में संशोधन किया और अनुरोध किया कि खेल मंत्रालय तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय **"बहुखेल आयोजनों में ई-स्पोर्ट्स"** को शामिल करें।

- राष्ट्रपति को संविधान के अनुच्छेद 77 (3) के तहत भारत सरकार के कार्य के अधिक सुविधाजनक संचालन के लिये नियम बनाने और उक्त कार्य का मंत्रियों के बीच आवंटन हेतु अधिकार प्राप्त है।
- गजट अधिसूचना के अनुसार, ई-स्पोर्ट्स अब **भारत में "बहुखेल आयोजन" श्रेणी का हिस्सा होगा।**

ई-स्पोर्ट्स:

- **परिचय:**
  - ई-स्पोर्ट्स (इलेक्ट्रॉनिक स्पोर्ट्स) एक प्रतिस्पर्द्धी खेल है जहाँ गेमर्स वर्चुअल, इलेक्ट्रॉनिक वातावरण में विभिन्न खेलों में प्रतिस्पर्द्धा करने के लिये अपनी शारीरिक और मानसिक क्षमताओं का उपयोग करते हैं।
  - **उदाहरण:** काउंटर स्ट्राइक, लीग ऑफ लेजेंड्स ओवरवॉच, फोर्टनाइट, DOTA 2।
  - वर्ष 2018 के जकार्ता एशियाई खेलों में शामिल किये जाने के बाद से बहु-विषयक आयोजनों के ई-स्पोर्ट्स को शामिल करने की मांग बढ़ रही थी।
  - हालाँकि इसने ई-स्पोर्ट के प्रति उत्साही लोगों को बढ़ावा दिया और भारत में ई-स्पोर्ट्स के प्रति उत्साही लोगों के लिये काफी उत्साहजनक और सकारात्मक रूप में सामने आया है।
  - भारत ने वर्ष 2018 एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीता था, जहाँ ई-स्पोर्ट्स को एक प्रदर्शन शीर्षक (Demonstration Title) के रूप में शामिल किया गया था।
  - इसे अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (IOC) से खेल मान्यता प्राप्त हुई है, जो कि एशिया की ओलंपिक परिषद (OCA), राष्ट्रमंडल खेलों आदि के साथ-साथ अन्य खेलों की सर्वोच्च संस्था है।
    - IOC ने **टोक्यो ओलंपिक 2020** से पहले **वर्चुअल ओलंपिक सीरीज़** (एस्पोर्ट्स टूर्नामेंट) का आयोजन किया;
    - ई-स्पोर्ट्स को वर्ष 2007 से OCA आयोजनों में शामिल किया गया है। ई-स्पोर्ट्स एशियाई खेल 2022 में एक मेडल स्पोर्ट्स है।
  - ई-स्पोर्ट्स को लोकप्रिय बनाने के प्रयास में अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (IOC) ने घोषणा की है कि सिंगापुर जून 2023 में ओलंपिक ई-स्पोर्ट्स वीक के उद्घाटन की मेज़बानी करेगा।
    - 23 जून, 1894 को IOC की स्थापना की गई थी और यह ओलंपिक का सर्वोच्च प्राधिकरण है।
- **नोडल मंत्रालय:**
  - **युवा मामले और खेल मंत्रालय के तहत खेल विभाग** द्वारा ई-स्पोर्ट्स का ध्यान रखा जाएगा।
    - जबकि 'ऑनलाइन गेमिंग' की देख-रेख MEITY (इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय) द्वारा की जाएगी।
- **खेल के रूप में ई-स्पोर्ट की मान्यता:**
  - अब तक **अमेरिका, फिनलैंड और जर्मनी ने ई-स्पोर्ट्स को एक खेल** के रूप में स्वीकार कर लिया है।
  - ई-स्पोर्ट्स को एक खेल के रूप में मान्यता देने वाले **पहले देश (दक्षिण कोरिया के साथ) चीन और दक्षिण अफ्रीका** थे। रूस, इटली, डेनमार्क और नेपाल भी इसमें शामिल हो गए हैं।
  - यूक्रेन ने आधिकारिक तौर पर सितंबर 2020 में ई-स्पोर्ट्स को एक खेल के रूप में मान्यता दी।



//

स्रोत: द हिंदू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/official-recognition-to-e-sports